Rajasthan Patrika
Edition: Ahmedabad | **Date:** July 28, 2010 | **Page No:** 02 | **Category:** Sterling Hospital

कैंसरग्रस्त लीवर की सफल शल्यक्रिया

शल्यक्रिया के बाद स्टर्लिंग अस्पताल में रोगी की जांच करते चिकित्सक।

अहमदाबाद. भावनगर जिले के पालीताणा निवासी मासुमाली वीरजी राजानी (82) के कैंसरग्रस्त लीवर की यहां स्टर्लिंग हॉस्पिटल में हाल ही सफल शल्यक्रिया की गई।

हॉस्पिटल में लीवर ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक डॉ. हितेश चावड़ा व उनकी टीम में शामिल चिकित्सकों डॉ. विस्मित जोशीपुरा, डॉ. आशीष पारिक व डॉ. किंजल पंड्या ने यह सात घंटों में यह शल्यक्रिया पूरी की। इसके बाद 2 दिनों तक उन्हें आईसीयू में रखा गया जहां उन्हें वेंटीलेटर की सहायता की आवश्यकता नहीं हुई। उनकी रिकवरी दो-तीन महीनों में होने की संभावना व्यक्त की गई है। उन्हें पेट दर्द के कारण पिछली 15 जुलाई को स्टर्लिंग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वजन में लगातार कमी एवं पेट दर्द की शिकायत पर की गई जांच के दौरान 10 सेंटीमीटर का ट्यूमर पाया गया था।